महत्वपूर्ण एवं खास

जहर सेवन से दो युवकों की हालत गंभीर

कोरबा (आरएनएस)। अलग-अलग कारणों से कीटनाशक जहर सेवन करने से दो युवकों की हालत जिला अस्पताल में उपचार के दौरान चिंताजनक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार बालकोनगर थानांतर्गत ग्राम भुलसीडीह निवासी युवक मनोज कुमार कंवर उम्र 20 पिता मनबोध सिंह कंवर ने कल देर शाम अज्ञात कारणों से कीटनाशक जहर का सेवन कर लिया। घर में लगातार उल्टी करने के कारण परिजनों को इसका आभास हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। यहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इसी तरह एक अन्य घटनाक्रम में उरगा थानांतर्गत ग्राम भलपहरी निवासी युवक सत्यप्रकाश उम्र 24 पिता परसराम ने गत रात्रि किन्हीं कारणों से कीटनाशक जहर का सेवन कर लिया। जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाया गया। यहां उसका उपचार जारी है। अस्पताल चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक रविंद्र ने बताया कि दोनों युवकों की हालत असामान्य होने के कारण उनका मृत्यु पूर्व कथन लेने में परेशानी आ रही है।

जीव जन्तु कल्याण बोर्ड और पंजीयन की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन के पशुधन विकास विभाग द्वारा पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण (पालतू पशु दुकान) नियम -2018 के तहत पालतू पशु दुकान के रजिस्ट्रीकरण, नवीनीकरण तथा पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण (श्वान प्रजनन और विपणन) नियम, 2016 के तहत श्वान प्रजनन और विपणन केंद्र के रजिस्ट्रीकरण से संबंधित संपूर्ण जानकारी विभागीय वेबसाइट agri-portal.cg.nic.in/ahd पर उपलब्ध है। संयुक्त संचालक छत्तीसगढ़ राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड, रायपुर ने बताया कि रजिस्ट्रेशन शुल्क, प्रक्रिया विधि, आवश्यक अभिलेखों की सूची, आवेदन प्रारूप, शपथ पत्र प्रारूप आदि की जानकारी विभागीय वेबसाईट में उपलब्ध है। इच्छुक लाभार्थी इस वेबसाईट के माध्यम से जीव जन्तु कल्याण बोर्ड अंतर्गत विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।

बाइक सवार दंपती को तेज रफ्तार वाहन ने मारी ठोकर, पत्नी की मौत की मौत पति घायल

रायपुर (आरएनएस)। बाइक से अस्पताल जा रहे दंपती को तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते महिला की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम अछोली खरोरा निवासी मुरली गेण्डरे 23 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 25 अगस्त को वह अपनी पत्नी संगीता गेण्डरे को बाइक से अछोली से सण्डी अस्पताल जा रहा था। तभी करीब 10/30 बजे खोरसी पुलिया के पास मेन रोड के पास तेज रफ्तार वाहन क्रमांक सीजी 04 एमआर 2916 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे दोनो घायल हो गये ईलाज दौरान संगीता गेण्डरे की मृत्यु हो गयी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ धारा 279,337,304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

2 नक्सली मिलिशिया सदस्यों ने केरलापाल थाना में किया आत्मसमर्पण

सुकमा (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान पूना नर्कोम के तहत नक्सली मिलिशिया सदस्य मड़कम हड़मा पिता हुंगा एवं सोड़ी मासा पिता हुंदा दोनो निवासी ग्राम सामसेट्टी द्वारा आज थाना केरलापाल में सुकमा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी परमेश्वर तिलकवार, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स रजत नाग, सहायक कमांडेन्ट 02 वाहिनी सीआरपीएफ सुधीर सिंह के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।

पेट्रोल पंप मालकिन की हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

» मां को काम से निकालने पर बेटे ने रची लूट की साजिश

अंबिकापुर (आरएनएस)। पेट्रोल पंप मालकिन की हत्या मामले में पुलिस ने नौकरानी के बेटे और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शार्टकट तरीके से अमीर बनना चाहते थे। इसके लिए आरोपी ने मां को काम से निकाले जाने के बाद लूट की साजिश रची।

दरअसल, पेट्रोलपंप मालकिन शांति पटेल का शव सुभाषनगर स्थित उनके घर में मिला था। शव के हाथ गमछे से और पैर बेल्ट से बंधे हुए थे। गले पर धारदार हथियार का घाव था और फर्श पर खून बिखरा पड़ा था। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और उनकी कार भी गायब थी। इस पर पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि चोरी हुई कार को बस स्टैंड की ओर से विश्रामपुर की ओर जाते देखा गया है। जानकारी मिलते ही घेराबंदी कर काली घाट के पास कार रुकवा ली। जिसके बाद कार रुकवा उसमें बैठे दो युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम बलरामपुर के बसंतपुर निवासी अनुराग सिंह मरकाम उम्र 18 साल और मल्हार, बिलासपुर हाल पता गांधी नगर सरगुजा निवासी पृथ्वीराज मैना उम्र 19 साल बताया। पृथ्वीराज ने पुलिस को बताया कि शांति पटेल के घर उसकी मां काम करती थी। घटना से कुछ दिन पहले उसकी मां को काम से निकाल दिया था। पृथ्वी अपनी मां के साथ शांति पटेल के घर पहले भी जा चुका था। उसे पता था कि शांति पटेल अकेली रहती हैं।

लालच में आकर उसने लूट की साजिश रची। पृथ्वीराज ने पुलिस को बताया कि वह और अनुराग सिंह 20 अगस्त की रात करीब 2 बजे घर की दीवार कूदकर आंगन में गए, लेकिन दरवाजा बंद होने के कारण अंदर नहीं घुस सके। इस पर वहीं छिपकर दरवाजा खुलने का इंतजार करने लगे। सुबह करीब 7 बजे शांति पटेल ने आंगन का दरवाजा खोला तो दोनों आरोपी मौका पाकर अंदर घुस गए। इसके बाद किचन से दोनों ने अलग-अलग चाकू ले लिया और सोफे के पीछे छिपकर इंतजार करने लगे।

इसके बाद शांति बाथरूम से आकर झाड़ू लगाने लगी। तभी दोनों आरोपियों ने उनको पीछे से पकड़ लिया और जमीन पर पटक दिया। शोर मचाने पर बेडरूम के पर्दे से मुंह बंद कर दिया। गमछे और बेल्ट से हाथ-पैर बांधा और गला रेत दिया। इसके बाद मोबाइल, डेबिट कार्ड, चेकबुक, 6000 रुपए और कार लेकर भाग निकले। दोनों आरोपी 21 से 24 तक उनकी कार लेकर इधर-उधर घूमते रहे। इस दौरान डेबिट कार्ड की सहायता से मोबाइल पर फोन-पे एप डाउनलोड किया और रुपए खर्च किए। शांति पटेल के रिश्तेदार विक्रम पटेल ने बताया, वे अक्सर उनसे मिलने आते थे। सोमवार शाम जब वो आए तो हत्या का पता चला। शांति पटेल की एक बेटी है, जो दिल्ली में रहती है। शांति का कोरबा में एक पेट्रोल पंप और मकान है।

सीजी टीका के माध्यम से टीका लगवाएं नागरिक

रायपुर (आरएनएस)। जून के पहले जिन लोगों ने सीजी टीका के माध्यम से कोविड-19 टीका का पहला डोज लगवाया है, उन सभी लोगों को दूसरे डोज के लिए कोविन् पोर्टल में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं करना है, सीधे नजदीकी टीकाकरण केंद्र में संपर्क करना है। इसकी वजह यह है कि पहला डोज सीजी टीका से लगने अर्थात पहला डोज कोविन् पोर्टल से नहीं लगने की दशा में सीधे दूसरे डोज के लिए रजिस्ट्रेशन की सुविधा कोविन् पोर्टल में आम जनता हेतु उपलब्ध नहीं है। यह सुविधा केवल टीकाकरण केंद्रों पर ही उपलब्ध है। कोरोना टीकाकरण के जिला नोडल अधिकारी ने रायपुर जिले के ऐसे सभी व्यक्तियों जिन्हें दूसरे डोज का समय हो गया है, से अपील है कि कृपया वैक्सीन का दूसरा डोज अवश्य लगवा लें। यदि वैक्सीनेशन सर्टिफिक्रेट में कोई त्रुटि हो तो सुधार के लिए वे निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क कर सकते हैं।

जीपी सिंह को सुको से मिली राहत, गिरफ्तारी पर लगाई रोक

रायपुर (आरएनएस)। निलंबित आईपीएस जीपी सिंह को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। राजद्रोह मामले में फंसे जीपी सिंह की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रोक लगा दी है।

ज्ञात हो कि एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने भारतीय पुलिस सेवा के 1994 बैच के अधिकारी जीपी सिंह तथा उनके निकट संबंधियों के ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की थी। छापे में सिंह और उनके संबंधियों से लगभग 10 करोड़ रुपए की अनुपातहीन संपत्ति का पता लगाया गया था। एसीबी की कार्रवाई के दौरान जीपी सिंह के रायपुर निवास से एक डायरी बरामद की थी जिसमें तमाम लेन-देन का जिक्र करने के साथ किस तरह से

सरकार को गिराने की साजिश की बात लिखी हुई थी। इस पर उच्चाधिकारियों को जानकारी होने के बाद पुलिस ने राजद्रोह का मामला दर्ज किया था।

ओखा-हावड़ा एवं पोरबंदर-हावड़ा ट्रेन का परिचालन में वृद्धि

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे से होकर चलने वाली 02 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों ओखा-हावड़ा साप्ताहिक सुपर फास्ट पूजा स्पेशल एवं पोरबंदर-हावड़ा द्विसाप्ताहिक सुपर फास्ट पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया गया है।

रेल यात्रियों की सुविधा एवं मांग को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर जाने वाली 02905 / 02906 ओखा-हावड़ा-ओखा साप्ताहिक सुपर फास्ट पूजा स्पेशल ट्रेन एवं 09205 / 09206 पोरबंदर-हावड़ा-पोरबंदर द्वि -साप्ताहिक सुपर फास्ट पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन आगामी आदेश तक जारी रहेगा।

इसमें 02905 ओखा-हावड़ा साप्ताहिक सुपर फास्ट पूजा स्पेशल ट्रेन जो 29 अगस्त तक चल रही है, इस गाड़ी का परिचालन में 05 सितम्बर से आगामी आदेश तक के लिए परिचालन किया जाएगा। 02906 हावड़ा-ओखा साप्ताहिक सुपर फास्ट पूजा स्पेशल ट्रेन 31 अगस्त तक चल रही है, इस गाड़ी का परिचालन 07 सितम्बर से

आगामी आदेश तक के लिए परिचालन किया जाएगा। 09205 पोरबंदर-हावड़ा द्वि -साप्ताहिक सुपर फास्ट पूजा स्पेशल ट्रेन 26 अगस्त तक चल रही है, इस गाड़ी का परिचालन 01 सितम्बर से आगामी आदेश तक के लिए परिचालन किया जाएगा। 09206 हावड़ा पोरबंदर द्वि -साप्ताहिक सुपर फास्ट पूजा स्पेशल ट्रेन 28 अगस्त तक चल रही है, इस गाड़ी का परिचालन 03 सितम्बर से आगामी आदेश तक के लिए परिचालन किया जाएगा।

इन दोनों गाड़ियो में कोविड -19 के सभी नियमो का पालन करना बहुत जरूरी है एवं इन गाड़ियो में कन्फर्म टिकट यात्रियो को ही यात्रा करने की अनुमति दी जायेगी। इन गाड़ियो का परिचालन आगामी आदेश तक जारी रहेगा।

हाथियों के उत्पात से वनवासी परिवार हुए बेघर, ललमटिया में फिर तोड़े दो मकान

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा में राहत के साथ एक अरसे से वनमंडल कटघोरा में हाथियों का उत्पात श्रृंखलाबद्ध रूप से बना हुआ है। इस डिविजन के अंतर्गत आने वाले केंदई रेंज हाथियों की उपस्थिति के साथ हिंसक गतिविधियां कायम है। इससे जान के साथ-साथ संपत्ति का नुकसान हो रहा है। एक बार फिर रेंज के एक गांव में हाथियों ने दो मकानों को ध्वस्त करने के साथ लोगों की चिंता बढ़ा दी। हाथियों की हरकत से अब तक कई वनवासी परिवार बेघर हो चुके हैं।

केंदई वन परिक्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। 39 की संख्या में यहां घूम रहे हाथियों ने जहां मंगलवार की रात रेंज के ग्राम पंचायत परला के

ललमटियापारा में सत्यनारायण एवं जोहन नामक दो ग्रामीणों के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया वहीं बुधवार की रात ग्राम लालपुर में पहुंचकर किसानों के फसल को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। ग्रामीणों द्वारा इसकी तत्काल सूचना दिये जाने पर वन विभाग का अमला हाथी मित्रदल के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे और मशाल लेकर ग्रामीणों की मदद से खदेड़ने की कार्रवाई की। इससे पहले सुनसान क्षेत्र में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

बड़ी संख्या में ग्रामीण वनअमले के साथ हो लिए और खेतों में पहुंचकर वहां उत्पात मचा रहे हाथियों को खदेड़ा। इस प्रयास में वन विभाग का अमला और ग्रामीण रात भर खेतों में डटे रहे। हाथियों ने तड़के तीन बजे के लगभग जंगल का रूख किया तब ग्रामीणों व वन अमले ने राहत की सांस ली। वन विभाग व ग्रामीणों की सतर्कता से हाथी ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा पाये। इस कार्रवाई में वनकर्मी पंकज खैरवार, नागेन्द्र जायसवाल, अशोक वास, वाहन चालक, बेदुराम यादव ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिनके प्रयास से फसलों की रक्षा हो सके।

ज्ञात रहे बड़ी संख्या में हाथियों ने कोरबी सर्किल के जंगल में डेरा डाल रखा है। ये हाथी दिन भर जंगल में विश्राम करते हैं और सांझ ढलते ही जंगल से बाहर निकलकर रिहायसी इलाकों के साथ ही किसानों के खेतों में पहुंचते हैं और उत्पात मचाते हैं। उत्पात के दौरान कई बार हाथियों द्वारा ग्रामीणों के घरों को भी निशाना बनाया जाता है। तथा फसलें भी रौंदी जा रही हैं। हाथियों के उत्पात से क्षेत्रवासी काफी परेशान है। करोड़ों का खर्च करने के साथ वन विभाग नियंत्रण को लेकर काम कर रहा है और दावे भी। लेकिन नतीजे बहुत ज्यादा अनुकूल नहीं है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना : राज्य गुणवत्ता समीक्षक के लिए 10 तक आवेदन आमंत्रित

रायपुर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा राज्य गुणवत्ता समीक्षक के लिए आवेदन आमंत्रित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 सितम्बर 2021 तक निर्धारित है। राज्य गुणवत्ता समीक्षक के लिए कोई भी सेवानिवृत्त सिविल इंजीनियर अथवा प्रोफेसर (सिविल इंजीनियरिंग कॉलेज या पॉलीटेक्निक कॉलेज) छत्तीसगढ़ से अथवा पड़ोसी राज्यों के अनुभवी अभ्यर्थी (रोड़ व ब्रिज निर्माण में कन्सट्रशन एवं मेन्टीनेंस का कार्य अथवा समतुल्य योग्यता) वाले निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। ऐसे अधिकारी एनआरआईडीए के साथ एनक्यूएम के रूप में सूचिबद्ध हैं, ऐसे अधिकारी जो अन्य राज्य में एसक्यूएम के रूप में सूचिबद्ध हैं तथा 10 सितम्बर 2021 को 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले अधिकारी, आवेदन के लिए पात्र नहीं होंगे। अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट पीएमजीएसवाय डाट एनआईसी डाट इन पर अवलोकन किया जा सकता है।

गहने गिरवी रखवाने का झांसा देकर महिला से ठगी, मंगलसूत्र व झूमका लेकर आरोपी फरार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में एक महिला ठगी की शिकार हो गई। पीड़िता को रुपये की जरुरत पड़ने पर अपना गहना गिरवी रखने के लिए पहचान के व्यक्ति को दे दिया। लेकिन वह गहने लेकर फरार हो गया। मामले की रिपोर्ट सिविल लाईन्स थाने में दर्ज करायी गई है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम खरौद जांजगीर चापा निवासी है वर्तमान पता अमलीडीह रायपुर में किराये के मकान में अपने बच्चों के साथ रहती है। प्रार्थिया राजश्री टंडन 37 वर्ष पति सुरेश टंडन ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि उसका पति मुंबई में एक फर्नीचर शोरुम में काम करता है। बीते 2-3 माह पहले वह दोपहर 2 बजे के करीब कलेक्टर कार्यालय से पैदल श्याम प्लाजा जा रही थी तभी रास्ते में आक्सीजोन गार्डन के पास एक अज्ञात व्यक्ति जो पैदल आ रहा था। उसे देखकर पास गया और बात करने लगा इसी दौरान आरोपी ने पीड़िता का नाम पता पूछा लिया तथा अपना नाम सुमन साहू छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा का रहने वाला बताया। उसने महिला से कहा कि वह ड्राइवर है व उसकी बड़े लोगों से जान पहचान है यदि किसी तरह की कुछ भी परेशानी हो या फिर पैसा ,काम की जरुरत हो तो बताना कहकर अपना मोबाइल नंबर दिया तथा महिला का भी मोबाइल नंबर ले लिया जिसके बाद वह घर चली गई। करीब 1 साल पहले महिला हेल्थ फिटनेस सेंटर विजेता काम्प्लेक्स के पास न्यू राजेन्द्र से 50,000 रूपये लोन प्राप्त की थी,अतः लोन चुकाने के लिये उसे पैसो की तत्काल आवश्यकता पड़ गयी। वह अपना कान का झुमका 1 तोला व मंगलसूत्र 1 तोला को गिरवी रखकर पैसे का इंतजाम करना चाहती थी,लेकिन किसी से जान-पहचान नही होने की वजह से उसने सुमन साहू को फोन किया। सुमन साहू ने उसे जेवर गिरवी रखवाकर अच्छा पैसा दिलवाने का आश्वासन देकर नेताजी चौक कटोरा तालाब रायपुर बुलाया। जिसके बाद वह अकेली जेवर लेकर उसके बताए स्थान पर पहुंची। वहां आरोपी पहले से ही मौजूद था महिला को देखते वह उसके पास पहुंच गया व कान का झुमका व मंगलसूत्र मांग कर 1 लाख रुपये में गिरवी रखने का झांसा दिया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

जो मानवीय संवेदना के साथ काम करता है, वह समाज में पूज्यनीय होता है - राज्यपाल

» राज्यपाल संत मदर टेरेसा के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज 'मिशनरी ऑफ चेरेटी आश्रम' में संत मदर टेरेसा के 111वें जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति समाज में निःस्वार्थ भाव से मानवीय संवेदना के साथ असहाय और गरीबों की सेवा करता है उसे पूज्यनीय माना जाता है। समाज में कई लोग ऐसे होते हैं जो बिना किसी अपेक्षा के लोगों की सेवा करते हैं, उनमें संत मदर टेरेसा का नाम प्रमुख है। उनके कार्यों की वजह से उन्हें पूरा संसार सम्मान की नजरों से देखता है।

राज्यपाल ने कहा कि जीवन के कई क्षणों में जरूरत पड़ने पर वे किन्हीं के समक्ष मदद मांगने गई और अपेक्षा अनुरूप कार्य न होने पर या मदद न मिलने पर उन्हें बड़ी पीड़ा हुई। तब उन्होंने संकल्प लिया कि जब भी मेरे पास

कोई आएगा तो उसकी मैं हरसंभव सहायता करूंगी। उन्होंने कहा कि जब-जब मुझे कोई दायित्व मिला और मेरे समक्ष कोई समस्या लेकर आया तो मैंने हर प्रकार से उनकी मदद की और यह प्रयास किया कि वह संतुष्ट होकर जाए।

राज्यपाल ने कहा कि मदर टेरेसा अपना पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया। उनकी कार्यों की वजह से उन्हें नोबल पुरस्कार और भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनके द्वारा स्थापित संस्थाएं विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य कर रही हैं। राजधानी में भी उनके द्वारा स्थापित इस संस्था द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए किया गया कार्य सराहनीय है।

राज्यपाल सु उइके ने कहा कि मदर टेरेसा ने अपना पूरा जीवन मानवता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने अपने तन-मन से दीन दुखियों की सेवा की। वे हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे रहती थी। इसके लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। वे कहती थीं कि 'दया और प्रेम छोटे हो सकते हैं लेकिन वास्तव में उसकी गूंज अनंत होती है।' उनका कहना था कि 'यह महत्वपूर्ण नहीं है कि आपने कितना दिया बल्कि यह कि देते समय आपने कितने प्रेम से दिया। किसी को दान करना उतना ही मायने रखता है, जितना कि किस भाव से, विचार से, आपने दान किया।